Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 31-07-2006

Participants : Dhotre Shri Sanjay Shamrao

>

Title : Need to check the spread of Chuckungunya disease in Maharashtra.

श्री संजय धोत्रे (अकोला) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान महाराट्र के विभिन्नय जिलों में बड़ी तेजी से फैल रहे चुकुनगुन्या ज्वर की ओर दिलाना चाहता हूं। जिसके कारण कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है और हजारों लोग इस ज्वर से पीडित हैं। यह ज्वर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में फैल चुका है और अगर इसे रोकने के लिए कोइ आवश्यक कदम न उठाये गये तो यह महाराट्र के बाहर के राज्यों में भी फैल सकता है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस बीमारी को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाये जायें तथा एक केन्द्रीय टीम भेज कर चुकुनगुन्य ज्वर का राज्य में सर्वे किया जाये और जहां भी आवश्यक हो तत्काल इसके उपचार हेतु प्रबंध किया जाये और जिन लोगों की इस बीमारी के कारण मृत्यु हुयी है उन्हें केन्द्र सरकार या प्रदेश सरकार से तत्काल सहायता राशि दी जाये।